प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

**11 सितंबर 2026**

**आरबीआई ने भारत सरकार की प्रतिभूतियों की ओएमओ बिक्री की घोषणा की**

वर्तमान और उभरती चलनिधि स्थितियों की समीक्षा के बाद रिज़र्व बैंक ने 17 सितंबर 2026, 21 सितंबर 2026 और 28 सितंबर 2026 को क्रमशः ₹50,000 करोड़, ₹25,000 करोड़ और ₹25,000 करोड़ की तीन किश्तों में, एकाधिक मूल्य पद्धति का प्रयोग करते हुए, बहु-प्रतिभूति नीलामी के माध्यम से भारत सरकार की प्रतिभूतियों की कुल ₹1,00,000 करोड़ रुपये की ओएमओ बिक्री नीलामी आयोजित करने का निर्णय लिया है।

2. 17 सितंबर 2026 को होने वाली उक्त नीलामी में बिक्री के लिए प्रस्तुत की जाने वाली प्रतिभूतियाँ निम्नलिखित हैं:

| क्र.सं. | आईएसआईएन | प्रतिभूति | परिपक्वता अवधि | समग्र राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | IN0020150069 | 7.59% जीएस 2029 | 20-मार्च-2029 | ₹50,000 करोड़ (प्रतिभूति के आधार पर कोई अधिसूचित राशि नहीं है) |
| 2 | IN0020160118 | 6.79% जीएस 2029 | 26-दिसंबर-2029 | |
| 3 | IN0020160019 | 7.61% जीएस 2030 | 09-मई-2030 | |
| 4 | IN0020200153 | 5.77% जीएस 2030 | 03-अगस्त-2030 | |
| 5 | IN0020170042 | 6.68% जीएस 2031 | 17-सितंबर-2031 | |
| 6 | IN0020060086 | 8.28% जीएस 2032 | 15-फरवरी-2032 | |

3. रिज़र्व बैंक के पास निम्नलिखित अधिकार सुरक्षित रहेंगे:

- व्यक्तिगत प्रतिभूतियों की बिक्री की मात्रा पर निर्णय लेना।
- समग्र राशि से कम राशि की बोलियाँ स्वीकार करना।
- पूर्णांकन के कारण समग्र राशि से कुछ अधिक/कम पर बिक्री करना।
- कोई भी कारण बताए बिना किसी भी या सभी बोलियों को पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकार या अस्वीकार करना।

4. पात्र बोली लगाने वालों को 17 सितंबर 2026 को सुबह 9:30 बजे से 10:30 बजे के बीच भारतीय रिज़र्व बैंक कोर बैंकिंग समाधान (ई-कुबेर) प्रणाली पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में अपनी बोलियां जमा करनी होंगी। केवल प्रणाली की विफलता की स्थिति में ही भौतिक बोलियां स्वीकार की जाएंगी। भौतिक बोलियाँ निर्धारित प्रपत्र में वित्तीय बाज़ार परिचालन विभाग (ईमेल, फोन नंबर: 022-22630982) को सुबह 10:30 बजे से पहले जमा की जानी चाहिए। यह प्रपत्र रिज़र्व बैंक की वेबसाइट (https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_ViewForms.aspx) से डाउनलोड किया जा सकता है

5. नीलामी के परिणाम उसी दिन घोषित किए जाएंगे और सफल लगाने वालों को **18 सितंबर 2026 को दोपहर 12 बजे तक** अपने एसजीएल खाते में प्रतिभूतियों की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी।

**(ब्रिज राज)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2026-2027/1106**